# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(चौदहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 27 मार्च, 2017/ 6 चैत्र, 1939 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 38**

----

### धनराशि की प्राप्ति

***3899 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वित्तीय वर्ष 2016-17 में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश सरकार को मनरेगा के अन्तर्गत केन्द्र सरकार से कितनी धनराशि प्राप्त हुई; इसमें से कितनी धनराशि labour component व कितनी meterial component की है; ब्यौरा दें;

(ख) इस में से कितनी धनराशि labour component की देय है व विभिन्न पंचायतों से कितनी शिकायतें विभिन्न मजदूरों की धनराशि न मिलने की BDOs/DCs/DPOs को प्राप्त हुईं हैं; ब्यौरा विकास खण्डवार दें;

(ग) इनमें से कितनी धनराशि meterial component की विभिन्न कार्यों की पंचायतों को देय है; ब्यौरा विकास खण्डवार दें; और

(घ) सरकार द्वारा किस माह से MGNREGA कार्यों की धनराशि का भुगतान सीधे मजदूरों के खातों में किया जा रहा है और सामग्री की धनराशि का भुगतान कैसे किया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***3900 श्रीमती सरवीन चौधरी(शाहपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ललेटा बणु महादेव, घड़धू और घरोह गढ़-सेरा नौरा सड़कों को विधायक प्राथमिकता में डाला गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इनकी डी0पी0आर0 तैयार कर ली गई है;

(ग) इन सड़कों की फोरेस्ट क्लीयरेंस क्या प्राप्त कर ली गई है; ब्यौरा दें; और

(घ) घरोह गढ़-सेरा नौरा सड़क का शिलान्यास व उद्घाटन किसके द्वारा किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## स्टोन क्रेशर

***3901 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने स्टोन क्रेशर स्थापित किये गए;

(ख) वर्तमान में कितने क्रेशर कार्यशील हैं और कितने बंद हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) वित्तीय वर्ष 2016-2017 में अवैध खनन के कितने मामले पकड़ कर जुर्माना किया गया तथा इन क्रेशरों से कितना प्रदूषण आंका गया है; ब्यौरा इस वर्ष का माहवार दें?

----

## सौर ऊर्जा हेतु धनराशि

***3902 श्री किशोरी लाल(बैजनाथ) :**
**श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) :**
**श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में सौर ऊर्जा के दोहन हेतु केन्द्र सरकार से कितनी धनराशि प्राप्त हुई; और

(ख) सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष में किस-किस जिले में सौर ऊर्जा पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव है; ब्यौरा जिलाशः दें?

----

## विधायक विकास निधि

***3903 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2014 से 31 जनवरी, 2017 तक जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक विकास निधि के अन्तर्गत कितनी धनराशि विभिन्न विकास योजनाओं के अन्तर्गत व्यय की गई; ब्यौरा योजनाओं का पंचायतवार दें; और

(ख) कितनी योजनाओं का कार्य प्रारम्भ किया गया और कितनी का नहीं; ब्यौरा योजनाओं के नाम व धनराशि सहित दें?

----

## Approval of Parks

***3904 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of Bulk Drug park in Industrial area Dabhotta and biotechnology park at Aduwal in Nalagarh Assembly Constituency; and

(b) by when the Government will accord approval to these works?

----

## प्रधानमन्त्री कृषि फसल बीमा योजना

***3905 श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**
**श्री नरेन्द्र ठाकुर(सुजानपुर) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश में प्रधानमन्त्री कृषि फसल बीमा योजना के अन्तर्गत कितने किसानों की कितनी भूमि का बीमा किया गया; ब्यौरा जिलाशः नाम व पते सहित दें?

----

## सड़क निर्माण

***3906 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष में सिराज़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की अनुसूचित जाति उप-योजना (SCCP) के अन्तर्गत कितनी सड़कों को डाला गया;

(ख) इन सड़कों के निर्माण के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(ग) कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा सड़कवार दें?

----

## तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर

***3907 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हि0प्र0 तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के प्रशासनिक ब्लॉक का शिलान्यास कब व किसके द्वारा किया गया; और

(ख) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा दें?

----

## Sports Complex

***3908 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal to construct a Sports Complex and shooting range in Chamba Town;

(b) whether the land for this purpose has been identified; and

(c) what is the latest position of this work; how much amount has been allocated?

----

## लो-वोल्टेज की समस्या

***3909 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन से क्षेत्र हैं; जिनमें लो-वोल्टेज की समस्या है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इस समस्या को दूर करने हेतु क्या पग उठा रही है?

----

## भोजनगर-मल्ला सड़क

***3910 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भोजनगर-मल्ला सड़क को पक्का करने का कार्य कब प्रारम्भ किया गया और यह कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा?

----

## ग्राम रोजगार सेवक

***3911 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने ग्राम रोजगार सहायक कार्यरत हैं; इनके पास कितनी-कितनी पंचायतें हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र से कितने ग्रामीण रोजगार सहायकों का स्थानान्तरण किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) इनके स्थानान्तरण की क्या नीति है; इसकी प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## राजकीय प्राथमिक पाठशाला चमेंन्जी

***3912 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला चमेंन्जी का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसके पुनर्निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है?

----

## वित्तीय अनियमितताएं

***3913 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि गत वर्षों के दौरान शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय संजौली में करोड़ों रूपये के गबन/वित्तीय विसंगतियों के मामले सरकार के ध्यान में आए है; और

(ख) यदि हां, तो दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

## सिलाई केन्द्र की स्थापना

***3914 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में उद्योग विभाग द्वारा कितने सिलाई केन्द्र खोले गए; और

(ख) इनको खोलने के क्या मापदण्ड हैं और सरकार क्या नए केन्द्र खोलने का विचार रखती है?

----

## प्रोस्पेक्टस शुल्क

***3915 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों की प्रोस्पेक्टस शुल्क प्रदेश सरकार एवं हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान रेगुलेटरी कमीशन (HPPEIRC) के द्वारा निश्चित की जाती है; और

(ख) यदि हां, तो सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों की प्रोस्पेक्टस शुल्क एवं अन्य फीस में कितना अन्तर है; इस पर सरकार एवं रेगुलेटरी कमीशन का कोई नियन्त्रण है; ब्यौरा दें?

----

## शिकरी सीमेंट उद्योग

***3916 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शिकरी नामक स्थान पर सीमेंट उद्योग स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## पुलिस चौकी डमटाल

***3917 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या पुलिस चौकी डमटाल का उन्नयन करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## अनियमितताओं पर कार्रवाई

***3918 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू की मार्केटिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं समिति पर अनियमितताओं के अनेकों आरोप लगे थे और सरकार ने इस पर कार्रवाई करने के आदेश दिये थे;

(ख) यदि हां, तो किस अधिकारी द्वारा छानबीन की गई और रिपोर्ट के आधार पर क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) जांच रिपोर्ट एवं की गई कार्रवाई की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## पुल निर्माण

***3919 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मारकंडा नदी पर डिमकी मन्दिर के समीप पुल निर्माण का शिलान्यास माननीय मुख्य मन्त्री ने किया था;

(ख) यदि हां, तो इस पुल के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की जाएगी तथा यह पुल कब तक बनकर तैयार हो जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ग) यह भी सत्य है कि कुण्डलों की नदी पर पुल निर्माण का कार्य अधूरा है; यदि हां, तो यह कब बनकर तैयार होगा तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई?

----

## पत्र पर कार्रवाई

***3920 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 11 दिसम्बर, 2015 को बद्दी को प्रस्तावित मैट्रो से जोड़ने हेतु लिखे गये पत्र पर केन्द्र सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई;

(ख) प्रदेश सरकार ने क्या हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़ की सरकारों के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर कर दिए हैं; और

(ग) इसकी डी. पी. आर. की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढुंगरी

***3921 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा क्षेत्र के गांव ढुंगरी (हडिम्बा मन्दिर) के पास राजकीय प्राथमिक पाठशाला कार्यरत है;

(ख) यदि हां, तो यह कब से प्रारम्भ हुई, कितने छात्र/छात्राएं इसमें शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं; और

(ग) इसका भवन क्या बिना छत के है; यह भी सत्य है कि Archaeological Survey of India के कारण छत निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है; यदि हां, तो विभाग द्वारा इसके निर्माण हेतु क्या पग उठाए गए हैं?

----

## सड़क निर्माण से नुकसान

***3922 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भंजवाणी धराड़सानी में फोरलेन के कार्य से कितने नलके /पाइपें उखड़ी हैं;

(ख) सरकार ने क्या इन्हें पुनः स्थापित करवा दिया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इन्हें कब तक स्थापित कर दिया जाएगा; ब्यौरा उनकी संख्या/लम्बाई सहित दें?

----

## Approved Plans

***3923 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that during the current financial year various development plans have been approved by the Government for different Districts; and

(b) if yes, details of approved plans alongwith sanctioned amount be given?

----

## ठेकों की नीलामी

***3924 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप राष्ट्रीय उच्च-मार्ग के नज़दीक कितनी शराब की दुकानों पर क्या कार्रवाई की गई है; ब्यौरा दें;

(ख) वर्ष 2016-17 के लिए शराब की दुकानों की नीलामी कितनी यूनिटों को बनाकर की गई; कितनी धनराशि में नीलामी की गई तथा कितनी वसूल की गई; ब्यौरा दुकानवार दें;

(ग) वर्ष 2015-16 में क्या शराब की आपूर्ति L1, L13, L1-B, L1-B-B के माध्यम से की जाती थी; यदि हां, तो क्या विभाग से आपूर्ति की शिकायत प्राप्त हुई थी; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(घ) वर्ष 2016-17 में M/s Himachal Pradesh Beverages Limited का गठन करने की क्या आवश्यकता पड़ी व इसमें कितने अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं; उनका वार्षिक खर्चा कितना है; ब्यौरा दें; और

(ड.) यह सत्य है कि M/s Himachal Pradesh Beverages Limited ने L1 A सुपर होल-सेल से शराब लेने का फैसला लिया है; यदि हां, तो आज तक कितनी शराब क्रय की गई; इससे Himachal Pradesh Beverages Limited को कितनी कमीशन प्राप्त हुई; ब्यौरा दें?

----

## ऊन का क्रय

***3925 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या भेड़पालकों को ऊन का उचित मूल्य देने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो भेड़पालकों की ऊन क्रय हेतु कितने स्टोर खोले गए हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या सरकारी क्षेत्र में ऊन के कम्बल बनाकर बाहर भेजने के लिए कारखाना लगाने का विचार रखती है?

----

## नाम परिवर्तन

***3926 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चिखर-सटलाई को शहीद ओम प्रकाश के नाम से रखने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## वोकेशनल ट्रेनिंग

***3927 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश की वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में वोकेशनल ट्रेनिंग दी जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसी ट्रेनिंग कितनी पाठशालाओं में किस-किस ट्रेड में दी जा रही है; ब्यौरा कम्पनियों के नाम सहित दें?

----

## Condition of State Highway

***3928 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that whether it is a fact that the surface riding quality of state highway from Nalagarh to Ramshehar is not as per the norms prescribed for the state highway?

----

## पंजीकृत मामले

***3929 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार के मामलों को पंजीकृत करने हेतु Toll free number जारी किया है; और

(ख) यदि हां, तो दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक इस नम्बर के जारी होने के उपरान्त कितने मामले पंजीकृत हुए; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## धनराशि की प्राप्ति

*3930 **श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**
**श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जून, 2014 से 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश को केन्द्र सरकार से सर्वशिक्षा अभियान व राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा जिलाशः व वर्षवार दें;

(ख) जिला बिलासपुर को इस धनराशि में से कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रशः दें; और

(ग) श्री नैना देवीजी व भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की किस-किस पाठशाला को कितनी-कितनी धनराशि किस-किस योजना से कब-कब आबंटित हुई; ब्यौरा दें?

----

## Yatri Niwas

*3931 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the land for Yatri Niwas to be constructed at Bhalai in District Chamba has been transferred in the name of Tourism Department/HPTDC; and

(b) by when the work on the project is likely to start?

----

## सराहां में पार्किंग

*3932 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सराहां में पार्किंग का शिलान्यास किया गया है; यदि हां, तो यह कब और किसके द्वारा किया गया;

(ख) इस पार्किंग के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; और

(ग) इसका कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

***3933 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## भारत भ्रमण

***3934 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि निदेशक मण्डल (BOD) की मंजूरी के बिना कृषि मन्त्री ने भारत भ्रमण किया है; और

(ख) यदि हां, तो भ्रमण की रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हो गई है; इस पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## कालाअम्ब-त्रिलोकपुर सड़क

***3935 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार द्वारा कालाअम्ब-त्रिलोकपुर सड़क की मरम्मत/रख-रखाव हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; और

(ख) सरकार ने इस सड़क हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया है तथा कितनी व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## Reservation for Tribal Areas

***3936 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Tribal Areas of Himachal Pradesh have reservation for selection of HAS officers, Lecturers and other posts in various Departments through HP Public Service Commission and Staff Selection Board; and

(b) during the last 4 years how many appointments from Tribal Areas have been made by HP Public Service Commission and Staff Selection Board of various posts; details of Lahaul & Spiti, Kinnaur and Pangi Bharmour be given separately?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 10th March, 2017.** **Secretary.**